# दमन-दीव कांग्रेस चीफ बोले- प्रियंका यहां से चुनाव लड़ सकती हैं

## हाईकमान ने डेटा जुटाने को कहा; प्रियंका की रायबरेली से भी उम्मीदवारी के कयास



तेजयुग न्यूज़


**दमन और दीव।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी आगामी लोकसभा चुनाव दमन और दीव से लड़ सकती हैं। केंद्र शासित प्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष केतन पटेल ने रविवार को इसकी जानकारी दी।

केतन ने कहा- प्रियंका गांधी यहां से संभावित उम्मीदवार हो सकती हैं, क्योंकि पार्टी आलाकमान ने उन्हें इसके लिए डेटा इकट्ठा करने के लिए कहा है। मैं इस प्रस्ताव का स्वागत करता हूं। केतन ने बताया, प्रियंका के आने से पूरा दक्षिण गुजरात जो हमेशा कांग्रेस के साथ रहा है और सौराष्ट्र जो दीव से सटा हुआ है, उसे यहां फायदा होगा। पार्टी जो डेटा कलेक्ट कर रही है उसमें जमीनी हकीकत जैसे बिंदु शामिल हैं। इस दौरान मतदाताओं की पसंद और उम्मीदवारों के पिछले प्रदर्शन को देखा जाएगा।

### प्रियंका के रायबरेली से भी चुनाव लड़ने की संभावना

कांग्रेस की तरफ से फिलहाल लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की एक भी लिस्ट जारी नहीं की गई है। हालांकि प्रियंका गांधी के दमन और दीव के अलावा यूपी के रायबरेली से भी चुनाव लड़ने की चर्चा है। रायबरेली से मौजूदा सांसद सोनिया गांधी ने इस बार राज्यसभा के लिए नामांकन भरा है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी सोनिया की सीट से परिवार के किसी सदस्य को ही टिकट दे सकती है।

# मादक पदार्थों को लेकर मोदी सरकार की ठोस कार्रवाई के प्रभावी परिणाम मिल रहे : अमित शाह



तेजयुग न्यूज

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि मादक पदार्थों को लेकर मोदी सरकार की ठोस कार्रवाई के प्रभावी परिणाम सामने आए हैं, जिसके कारण गिरफ्तारियों और जब्ती की मात्रा में भारी वृद्धि हुई है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह भी कहा कि मादक पदार्थ मुक्त भारत आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकारों और एजेंसियों के बीच समन्वय और सहयोग के माध्यम से देश भर में मादक द्रव्य रोधी मजबूत तंत्र बनाया गया है। उन्होंने हैशटैग 'ड्रग्स फ्री भारत' के साथ लिखा कि इस रणनीति के परिणामस्वरूप मादक पदार्थों की जब्ती और दर्ज किए गए मामलों की संख्या में वृद्धि हुई है। गृह मंत्री ने कहा कि मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ मोदी सरकार की ठोस कार्रवाई के प्रभावी परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने कहा, इसके चलते गिरफ्तारियों और जब्ती की मात्रा में भारी वृद्धि हुई है। शाह ने कहा कि देश मादक पदार्थ मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार होगा।

# आम आदमी चाहता है कि उसके बच्चों को अच्छी तालीम मिले, शिक्षा से गरीबी दूर हो सकती है: अरविंद केजरीवाल



तेजयुग न्यूज़

चंडीगढ़। दिल्ली के मुख्यमंत्री और 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि एक आम आदमी चाहता है कि उसके बच्चों को अच्छी तालीम मिले और शिक्षा से देश की गरीबी दूर हो सकती है। केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ लुधियाना के इंद्रापुरी में 'स्कूल ऑफ एमिनेंस' का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही।

लुधियाना के स्कूल के बारे में केजरीवाल ने कहा, जब हम स्कूल में प्रवेश करते हैं, तो विश्वास ही नहीं होता कि यह सरकारी स्कूल है। जिस तरह की कक्षाएं, प्रयोगशालाएं और अन्य सुविधाएं हैं, मैं चुनौती के साथ कह सकता हूं कि अगर किसी ने निजी क्षेत्र में ऐसा स्कूल बनाया होता, तो कम से कम 10,000 रुपये प्रति माह फीस तय की होती। उन्होंने कहा कि अब मजदूरों, गरीबों, किसानों, बिजली मिस्त्रियों, प्लंबरों और अन्य लोगों के बच्चों को 'स्कूल ऑफ एमिनेंस' में आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी।

केजरीवाल ने कहा, मैं नियमित रूप से पंजाब का दौरा करता रहता हूं। दो मुख्यमंत्री (मान और केजरीवाल) पंजाब का दौरा कर रहे हैं और सरकारी स्कूलों का दौरा कर रहे हैं। क्या पहले किसी मुख्यमंत्री ने इस बात की परवाह की थी कि सरकारी स्कूल ठीक से चल रहे हैं या नहीं।



# भारत-पाक बॉर्डर पर पहुंचीं जापान की आर्मी

## बाज ने दी दुश्मन की लोकेशन; आतंकी ठिकानों को घेरा, युद्धाभ्यास में टैंकों से हमला

तेजयुग न्यूज़

**बीकानेर।** राजस्थान में पाकिस्तान बॉर्डर पर एक बार फिर टैंक और आधुनिक मिसाइलें गरजीं हैं। बीकानेर फील्ड फायरिंग रेंज में भारत और जापान की फोर्सेज के बीच चल रहे युद्धाभ्यास में जापानी सेना के बड़े अफसर भी शामिल हो रहे हैं। धर्मा गार्जियन एक्सरसाइज में दोनों सेनाओं के जवान फायरिंग और टेक्निक का आदान-प्रदान कर रहे हैं। इसमें ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स रूम इंटरवेंशन, क्लोज क्वार्टर बैटल फायरिंग भी शामिल है। जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स, पूर्वी सेना कमांडिंग जनरल, लेफ्टिनेंट जनरल तोगाशी युइची यहां पहुंचे हैं। उनके साथ चेतक कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल नगेन्द्र सिंह भी मौजूद हैं। दोनों सेनाओं का यद्धाभ्यास 9 मार्च तक चलेगा।

### एमपी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा का दूसरा दिन

# ग्वालियर में बोले राहुल-भारत में पाक से दोगुनी बेरोजगारी

तेजयुग न्यूज़




**ग्वालियर/शिवपुरी।** राहुल गांधी ने कहा देश में पिछले 40 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। यह पाकिस्तान की तुलना में दोगुनी है। हमारे पास बांग्लादेश-भूटान से भी अधिक बेरोजगार युवा हैं क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी और जीएसटी लागू करके छोटे व्यवसायों को खत्म कर दिया है। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल ने यह बात भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान रविवार को ग्वालियर में कही। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा, अंबानी के यहां बेटे की शादी हो रही है। वहां दुनियाभर के लोग आ रहे हैं। यहां आप लोग भूखे मर रहे हैं। इससे पहले राहुल ने ग्वालियर के देवास गार्डन में अग्निवीरों और पूर्व सैनिकों से संवाद किया। मोहना में रोड शो किया। यात्रा के शेड्यूल में बदलाव के मुताबिक राहुल पहले दिल्ली और फिर वहां से बिहार की राजधानी पटना पहुंचे हैं। वे पटना में इंडिया गठबंधन की रैली में शामिल होंगे।

### ये भी बोले राहुल

बीजेपी सरकार ने बड़े-बड़े अरबपतियों का लाखों-करोड़ों का कर्ज माफ कर दिया। ये जो कर्ज का पैसा था, वो देश के लोगों का था, जिसे टैक्स से जुटाया गया था। अगर मोदी सरकार अरबपतियों के लाखों-करोड़ों का कर्ज माफ कर सकती है तो किसानों का कर्ज माफ क्यों नहीं कर सकती

हम भारत माता की जय कहते हैं। भारत माता यह देश है, देश के लोग हैं। अगर हम भारत माता की जय कहते हैं तो फिर देश के 73% लोगों की जय भी होनी चाहिए।

देश के युवा पहले मेहनत कर सेना में जाते थे तो उन्हें आदर-सम्मान मिलता था। कोई शहीद होता तो उसे शहीद का दर्जा मिलता था। अब अग्निवीर योजना आने के बाद सैनिकों के साथ भेदभाव हो रहा है। ये अन्याय है। देश में करीब 50% ओबीसी, 15% दलित और 8% आदिवासी वर्ग के लोग हैं, यानी कुल 73% लेकिन आपको देश की बड़ी-बड़ी कंपनियों के मैनेजमेंट में एक भी ओबीसी, दलित और आदिवासी वर्ग का व्यक्ति नहीं मिलेगा। हमने जातिगत जनगणना की बात इसलिए की ताकि देश की सच्चाई 73% लोगों को पता चल जाए कि किसकी-कितनी भागीदारी है।

### सोमवार को शिवपुरी में होगा रोड शो

कांग्रेस कमेटी शिवपुरी के जिला अध्यक्ष विजय सिंह चौहान ने बताया कि नए शेड्यूल के मुताबिक राहुल गांधी सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे शिवपुरी स्थित हाईवे पट्टी पर पहुंचेंगे। इसके बाद ग्वालियर बाइपास चौराहे से रोड शो शुरू होगा।

### राहुल गांधी की सुरक्षा बढ़ाई गई

नासिक पुलिस से मिले इनपुट के आधार पर ग्वालियर पुलिस ने राहुल गांधी की सुरक्षा बढ़ाई है। सूत्रों के मुताबिक, नासिक पुलिस ने बताया कि कुछ दिन पहले गुमनाम शख्स ने कंट्रोल रूम में फोन कर भारत जोड़ो न्याय यात्रा में ब्लास्ट करने की धमकी दी थी। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है।

# पीएम मोदी अगले 10 दिनों में 12 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों के कार्यक्रमों में शामिल होंगे



तेजयुग न्यूज़

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा से पहले अगले 10 दिनों में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 29 कार्यक्रमों में भाग लेंगे। अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, जम्मू-कश्मीर, असम, अरुणाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और दिल्ली का दौरा करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सोमवार को तेलंगाना के आदिलाबाद में कई विकास परियोजनाओं का अनावरण करेंगे और बाद में तमिलनाडु के कलपक्कम में भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड (भाविनी) का दौरा करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि वह आदिलाबाद के साथ-साथ चेन्नई में भी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। मोदी पांच मार्च को तेलंगाना के संगारेड्डी में कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह ओडिशा में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। अधिकारियों के मुताबिक, मोदी पश्चिम बंगाल रवाना होने से पहले ओडिशा में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। छह मार्च को वह कोलकाता में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और बारासात में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि इसके बाद मोदी बिहार जाएंगे और बेतिया में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री सात मार्च को जम्मू-कश्मीर में रहेंगे और शाम को दिल्ली में एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। आठ मार्च को वह दिल्ली में पहले राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार में भाग लेंगे और फिर शाम को असम के लिए रवाना होंगे।

# किसान 6 मार्च को दिल्ली जाएंगे

## 10 को ट्रेन रोकेंगे : पंधेर बोले- देशभर से किसान आएंगे, पंजाब वाले शंभू-खनौरी बॉर्डर पर ही बैठेंगे

तेजयुग न्यूज़



**अंबाला।** पंजाब-हरियाणा के शंभू-खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसान 6 मार्च को दिल्ली कूच करेंगे। 10 मार्च को दोपहर 12 से 4 बजे तक देशभर में ट्रेनें भी रोकी जाएंगी।

ये ऐलान किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने रविवार (3 मार्च) को बठिंडा में शुभकरण सिंह की अंतिम अरदास के दौरान मंच से किया। पंधेर ने कहा कि हरियाणा-पंजाब के किसान खनौरी-शंभू बॉर्डर पर ही आंदोलन चलाएंगे, जबकि देश के बाकी हिस्सों से किसान उस दिन दिल्ली पहुंचेंगे। पंजाब में किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा गैर-राजनीतिक के नेता पंधेर ने कहा- 6 मार्च को हरियाणा-पंजाब को छोड़कर दूसरे राज्यों के किसान अपने-अपने तरीके से दिल्ली पहुंचे। चाहे वे ट्रेन से आएं या फिर पैदल।

सरकार कहती है कि किसान ट्रेन-बस से दिल्ली पहुंच सकते हैं, जबकि दिल्ली जा रहे बिहार-कर्नाटक के किसानों को पुलिस ने ट्रेन से गिरफ्तार कर लिया। 6 मार्च के कूच से साफ हो जाएगा कि सरकार किसानों को बिना ट्रैक्टर ट्रॉली के भी दिल्ली आने देना चाहती है या नहीं।

### पंधेर ने कहा- पाक-चीन जैसा बॉर्डर बनाया

पंधेर ने आगे कहा कि आज तक इतिहास में कभी आंदोलन में ड्रोन का इस्तेमाल नहीं किया गया। सरकार ने बाहर से ड्रोन के जरिए आंसू गैस के गोले दागे। हरियाणा-पंजाब के बॉर्डर सरकार ने पाकिस्तान और चीन बॉर्डर बना दिए। उन बॉर्डरों पर तार होती हैं, लेकिन सरकार ने पंजाब-हरियाणा के बॉर्डर पर दीवारें ही खड़ी कर दीं। भारत-पाकिस्तान और भारत-चीन बॉर्डर पर भी कानून होते हैं, लेकिन हरियाणा-पंजाब के बॉर्डर पर कोई कानून नहीं है। केंद्र सरकार ने 70 हजार फोर्स का इस्तेमाल किया।

### शुभकरण के पोस्टमॉर्टम में सिर में मिले धातु के टुकड़े

वहीं किसान शुभकरण की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक उसके सिर में धातु के कुछ टुकड़े मिले हैं। जिन्हें असली गोलियों से जोड़ा जा रहा है। पंजाब पुलिस ने यह रिपोर्ट हरियाणा पुलिस को भेजी है।

पंजाब पुलिस ने शुभकरण के सिर से मिले धातु को जांच के लिए एक्सपर्ट को भेज दिया है।

# जेल में सड़ेंगे युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले : योगी

## कहा- मैं प्रदेश भर के युवाओं को आश्वस्त करता हूं

तेजयुग न्यूज़



**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि राज्य में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले लोग जीवन भर जेल में सड़ेंगे जबकि उनके बाप-दादा की संपत्ति जब्त कर ली जाएगी। आदित्यनाथ ने यहां राजकीय जुबली इंटर कॉलेज के मैदान में विद्यार्थियों को स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा, कोई भी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता और यदि किसी ने ऐसा किया तो वह जिंदगी भर के लिए जेल में सड़ेगा।

उन्होंने कहा, यही नहीं, उसके बाप-दादा की संपत्ति भी सरकार जब्त कर लेगी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि कार्यक्रम में 1500 विद्यार्थियों को टैबलेट और 3000 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए। मख्यमंत्री ने 15 विद्यार्थियों को टैबलेट और 10 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन खुद दिए। इस अवसर पर आदित्यनाथ ने 26 माध्यमिक विद्यालयों में 17.35 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों तथा 141 माध्यमिक विद्यालयों में 7.58 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 330 प्रीमियम स्मार्ट क्लास रूम' का शिलान्यास भी किया। चार इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को उन्होंने 'स्मार्ट क्लास' का प्रमाण पत्र भी सौंपा।

### नर्सिंग एवं पैरामेडिकल भर्ती-2023

# दंत तकनीशियन एवं नेत्र सहायक की अंतिम चयन सूची जारी, ईसीजी कैडर की सूची भी जल्द जारी होगी

## चिकित्सा मंत्री के प्रयासों से भर्ती प्रक्रिया को मिली गति

तेजयुग न्यूज़

**जयपुर (का.स.)।** प्रदेश में युवाओं के भविष्य के दृष्टिगत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में 20 हजार 500 से अधिक पदों पर नर्सिंग एवं पैरामेडिकल भर्ती-2023 का काम तेजी से जारी है। इसी कड़ी में रविवार को विभाग ने दंत तकनीशियन कैडर के 67 एवं नेत्र सहायक के 109 अभ्यर्थियों की अंतिम चयन सूचियां जारी कर दीं। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने नर्सिंग एवं पैरामेडिकल भर्ती-2023 को जारी रखने की सहमति दी थी।

उसके बाद विभाग ने पूरी तत्परता और गंभीरता के साथ इस भर्ती के काम को गति दी और इसी का परिणाम है कि आज दंत तकनीशियन और नेत्र सहायक के 176 पदों के लिए अंतिम चयन सूचियां जारी कर दी गई है। इन सूचियों में 33 अभ्यर्थियों का परिणाम अन्य राज्यों से उनकी अंकतालिकाओं के सत्यापन के कारण रोका गया है। विभाग ने दस्तावेज सत्यापन हेतु संबंधित राज्यों के लिए टीमें रवाना कर दी हैं। सत्यापन होने के बाद जल्द ही इनकी अंतिम चयन सूचियां भी जारी की जाएंगी।

अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शुभ्रा सिंह ने बताया कि चिकित्सा मंत्री ने प्रक्रियाधीन भर्तियों की अंतिम चयन सूचियां शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए थे। इसकी पालना में विभाग में प्रक्रियाधीन 8 कैडरों की भर्ती में से नेत्र सहायक एवं दंत तकनीशियन की अंतिम चयन सूची आज सीफू द्वारा जारी कर दी गई है। ईसीजी कैडर की सूची भी जल्द जारी कर दी जाएगी। सिंह ने बताया कि टीमें भेजकर दस्तावेज सत्यापन कराने के पीछे राज्य सरकार की मंशा है कि फर्जी दस्तावेज के आधार पर एक भी अभ्यर्थी का चयन नहीं हो। उन्होंने बताया कि शेष कैडरों की अंतिम चयन सूचियां तैयार करने का काम भी तेजी से किया जा रहा है। इसके लिए सीफू में टीमों का विगत दिनों गठन कर दिया गया था।

महाधिवक्ता की राय के अनुरूप भर्ती प्रक्रिया पर संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं मुस्तैदी के साथ काम किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि नर्सिंग एवं पैरामेडिकल की इस बहुप्रतीक्षित भर्ती के काम को गति मिलने से युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। साथ ही, भर्ती प्रक्रिया के पूर्ण होने से प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का ढांचा मजबूत होगा एवं गांव-ढाणी तक बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं सुगमतापूर्वक मिल सकेंगी।

# पानी को लेकर गजेंद्र सिंह शेखावत के सामने नारेबाजी-प्रदर्शन

## केंद्रीय मंत्री बोले- आप किस मिट्टी के बने हो, एहसान फरामोशी कर रहे हो

तेजयुग न्यूज़

**पोखरण।** जैसलमेर में पानी की समस्या को लेकर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को नारेबाजी का सामना करना पड़ा। पोकरण के झाबरा गांव में जनसुनवाई कार्यक्रम में शनिवार शाम 6:30 बजे कुछ लोगों ने शेखावत के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। आरोप लगाया कि इलाके में पेयजल समस्या को लेकर अनदेखी की जा रही है। समस्या का समाधान ही नहीं हो रहा है।

इस पर शेखावत नाराजगी जाहिर करते हुए बोले- टंकी बनाने के लिए 4 करोड़ स्वीकृत करा दिए थे। आप लोग किस मिट्टी के बने हो। धन्यवाद देने की जगह आप एहसान फरामोशी कर रहे हो तो मेरा भगवान ही मालिक है। केंद्रीय मंत्री शनिवार को पोकरण, रामदेवरा और भादरिया के दौरे पर थे। उनके साथ पोकरण विधायक महंत प्रताप पुरी भी थे।

### कांग्रेस सरकार ने काम नहीं होने दिए

विरोध के दौरान मंत्री शेखावत ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि हर घर तक पीने का पानी पहुंचना चाहिए। उसके लक्ष्य को लेकर और घर तक पीने का पानी पहुंचाने के लिए योजना के तहत केंद्र सरकार ने राजस्थान सरकार को 27 हजार करोड़ रुपए दिए। लेकिन, कांग्रेस सरकार ने दुर्भावनावश राजस्थान में किसी तरह का काम नहीं होने दिया। झाबरा गांव में पानी की टंकी बनाने की मांग थी। कांग्रेस सरकार ने जो योजना बनाई थी, उसमें झाबरा की टंकी को लिया भी नहीं। आप लोगों की डिमांड पर 4 करोड़ रुपए की टंकी झाबरा गांव के लिए सेंक्शन करवाई।

पांच साल तक कांग्रेस सरकार ने उसे रोके रखा, सेंक्शन नहीं होने दिया। 4 करोड़ 89 लाख रुपए की टंकी को सेंक्शन करवाकर उसे टेंडर के स्टेज तक ला दिया। फिर भी आप लोगों को लगता है कि टंकी नहीं बनी और मेरे खिलाफ नारे लगाने से टंकी बन जाएगी तो बनाओ आप।



### धन्यवाद देने के बजाय एहसान फरामोशी कर रहे हो

केंद्रीय मंत्री बोले- इसके आगे पराकाष्ठा है कि मैं आप लोगों के लिए संघर्ष कर रहा हूं। मैंने संघर्ष कर पानी की टंकी सेंक्शन करवाई, टेंडर करवा दिया। उसका धन्यवाद देने के बजाय आप मुझे इस बात का दोष दे रहे हो कि हमारी टंकी नहीं बनी। मुझे समझ में नहीं आता कि आप लोग किस मिट्टी के बने हो।आप लोग एहसान फरामोशी करते हैं तो मेरा भगवान ही मालिक है। इस तरह का माहौल इसी गांव में देखने को मिला। टंकी बनाने के लिए मैंने साढ़े चार साल तक संघर्ष किया। एक-एक अधिकारी से बात कर उसकी सेंक्शन करवाई।

# वृद्ध आश्रम सिकसेम हीटिंग थेरैपी मैट भेंट : बुजुर्गो के लिए सुन्नपन, लकवा, घटिया, व डायबिटीज में होगी लाभकारी

तेजयुग न्यूज़

**कोटा (का.स.)।** समाजसेवी संस्था करणी विकास सेवा समिति द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम को बुजुर्गो के लिए सिकसेम हीटिंग थेरैपी मैट निशुल्क भेंट की। वृद्ध आश्रम में कई बुजुर्ग कई गंभीर बीमारियों से पीड़ित है।इस मौके पर सिकसेम थेरेपी सेंटर संचालक यश सोनी द्वारा वृद्ध जनों को थेरेपी कराई गई उन्होंने बताया कि यह मैट बुजुर्गों के लिए बहुत उपयोगी है इससे कई प्रकार की समस्याएं हाथ पैरों में सुन्नपन, लकवा, घटिया, डायबिटीज जैसे कई रोगों में लाभ मिलेगा।